लद्दाख में चीनी सेना के साथ बीती रात भारतीय जवानों की ताजा झड़प में एक भारतीय अधिकारी और दो जवान शहीद
मोतीझील के विकास के लिए कई स्तर पर प्रयास शुरू, झील में 138 करोड़ की लागत से बनेगा धनुषाकार पुल
अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से गहरे सदमें में गई उनकी भाभी का निधन, सुशांत की मौत के बाद गांव में नहीं जला चूल्हा
सुशांत सिंह राजपूत अपनी कर्मभूमि मुंबई में ही पंचतत्व में विलीन, सोशल मीडिया के जरिए दी गयी श्रद्धांजलि

युवराज न्यूज़ टुडे
NEWS TODAY Update
RNI:- BIHHIN05409
www.newstodayupdate.in
आपकी आवाज़
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
वर्ष : 06 अंक : 11 तिथि : 16 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830
email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

# न्यूज़ टुडे अनलॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## लद्दाख में चीनी सेना के साथ बीती रात भारतीय जवानों की ताजा झड़प में एक भारतीय अधिकारी और दो जवान शहीद



बिग ब्रेकिंग




ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
न्यूज टुडे मीडिया समूह

लद्दाख में चीनी सेना के साथ बीती रात भारतीय जवानों की ताजा झड़प में एक भारतीय अधिकारी और दो जवान शहीद हो गए। जवाबी कार्रवाई में चीन की सेना को भी काफी नुकसान पहुंचा है लेकिन चीन की ओर से इसपर कुछ नहीं कहा गया है। लद्दाख इलाके में यह 1962 के बाद ऐसा पहला मौका है जब सैनिक शहीद हुए हैं। सबसे बड़ी बात यह कि ये झड़प तब हुई जब दोनों सेनाओं की ओर से रात में पीछे हटने की प्रक्रिया जारी थी। चीनी सैनिकों की ओर से की गई इस नीच हरकत के बाद गलबान घाटी में तनाव चरम पर पहुंच गया है।

भारत ने चीन की ओर से की गई इस हरकत को काफी गंभीरता से लिया है। सूत्रों के अनुसार दोनों देशों के बीच अब विश्वास बहाली बड़ा मुद्दा हो गया है। हालांकि ऐसी भी सूचना है कि इस घटना के बाद दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच उच्च स्तरीय बैठक जारी है। दोनों देशों के बीच लाइन ऑफ कंट्रोल पर अधिकारिक बंटवारा नहीं हुआ है। लद्दाख में भारतीय सेना की ओर से निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसको लेकर चीन ने आपत्ति जताई है। चीन का दावा है कि भारत उसके इलाके में निर्माण कर रहा है।

सूत्रों ने बताया कि कल रात हुई इस झड़प में भारतीय सेना की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में चीन को भी काफी नुकसान हुआ है। लेकिन अभी इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नही हुई हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारत अगर एकतरफा कदम उठाएगा तो इस तरह की दिक्कतें सामने आएंगी। इस पर एक्सपर्ट का कहना है कि चीन इस समय पूरी रणनीतिक तैयारी के साथ आया है।

चीन की ग्लोबल टाइम्स के अनुसार इस हिंसक झड़प में चीन के 5 सैनिक मारे गए और 11 सैनिक घायल हुए हैं। इधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीनों सेनाध्यक्षों विदेश मंत्रालय के अधिकारियों एवं रक्षा प्रमुख के साथ अहम बैठक कर रहे हैं।

## मोतीझील के विकास के लिए कई स्तर पर प्रयास शुरू, झील में 138 करोड़ की लागत से बनेगा धनुषाकार पुल



अच्छी पहल




आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

मोतीझील के विकास के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य मार्ग पर पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। जल्द ही पुल का निर्माण कार्य पूरा कर इसपर आवागमन प्रारंभ किया जाएगा। वहीं एक अन्य पुल जो वर्षों से प्रस्तावित है उसके निर्माण के लिए भी प्रशासनिक स्तर पर कवायद तेज कर दी गई है। रोइंग क्लब के सामने बनने वाले इस पुल के निर्माण पर 138 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। पुल आधुनिक व धनुषाकार आकृति का होगा। पुल के निर्माण को लेकर जिला प्रशासन के स्तर पर डीपीआर भेजा गया है। निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद इस दिशा में कार्य आगे बढ़ेगा।
बतादें कि मोतीझील के दूसरे हिस्से में रोइंग क्लब के सामने प्रस्तावित पुल को लेकर स्थानीय स्तर पर वर्षों से मांग की जा रही है। मोतिहारी प्रखंड को जोड़ने वाली इस पुल के निर्माण के बाद मुख्य मार्ग से दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। इस पुल के धनुषाकार होने से झील का सौंदर्य भी बढ़ेगा। वहीं लोगों को जाम की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।
डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि पुल के लिए डीपीआर भेजा गया है। कई प्रकार की गतिविधियों का संचालन को बनाई गई योजना रविवार को जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने मोतीझील की सफाई अभियान प्रारंभ कर आम लोगों को जोड़ने की दिशा में पहल की है। डीएम मोतीझील के विकास को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने सफाई अभियान के साथ झील के सौंदर्यीकरण को लेकर कई प्रकार की योजना के संचालित करने की बात कही।
जिलाधिकारी श्री शीर्षत ने कहा कि यह झील जिले की अमूल्य धरोहर है। इसे सजाने व संवा. रने में सबकी भूमिका महत्वपूर्ण है। झील की सफाई के साथ यहां पार्क का निर्माण, पाथवे व नौका बिहार जैसी योजनाएं जल्द प्रारंभ की जाएगी। कोरोना को लेकर हो रहे कार्य जरूर प्रभावित हुआ है, पर अब एक बार फिर कार्य को गति देकर झील के स्वरूप को बदला जाएगा। इसके लिए कई स्तर पर योजनाएं लेकर काम किया जाएगा।

## सुशांत सिंह राजपूत अपनी कर्मभूमि मुंबई में ही पंचतत्व में विलीन, सोशल मीडिया के जरिए दी गयी श्रद्धांजलि



न्यूज टुडे विनम्र श्रद्धांजलि




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह ने रविवार को अपने मुंबई स्थित घर में आत्महत्या कर ली थी। एक्टर की आत्महत्या की खबर के बाद हर कोई स्तब्ध है। उन्हें सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि दी गयीं। 34 साल के सुशांत के इस तरह जाना काफी दर्दनाक है। उन्हें बॉलीवुड के एक क्षमतावान सितारे के रूप में देखा जाता था, जिनसे काफी उम्मीदें थीं। लगभग सात साल के फिल्मी करियर में सुशांत ने अपनी अदाकारी से काबिलियत का लोहा मनवाया था। इंजीनियरिंग के छात्र रहे सुशांत ने टीवी से मनोरंजन जगत में करियर शुरू किया था और फिल्मों तक का सफर कामायाबी से पूरा किया। काय पो चे, एमएस धोनी– द अनटोल्ड स्टोरी और छिछोरे जैसी फिल्में सुशांत की उम्दा अदाकारी की मिसाल हैं।

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का अंतिम संस्कार सोमवार को उपनगरीय विले पार्ले स्थित पवन हंस शमशान घाट में किया जा रहा है। उनका पार्थिव शरीर पंच तत्व में विलीन हो गया। अंतिम विदाई के लिए उनके पिता केके सिंह , बहनें, कृति सेनन, विवेक ओबेरॉय, श्रद्धा कपूर, रणदीप हुड्डा, वरुण शर्मा मौजूद थे। अंतिम संस्कार में सुशांत के पिता ने मुखाग्नि दी। शाम चार बजे पवन हंस शवदाह गृह में सुशांत सिंह राजपूत का अंतिम संस्कार हुआ। सुशांत की खास दोस्त रिया चक्रवर्ती ऐक्टर को आखिरी बार देखने मुंबई के कूपर अस्पताल पहुंचीं। बता दें कि प्रशासन की ओर से सिर्फ 20 लोगों को श्मशान घाट में जाने की इजाजत थी।

### कोरोनावायरस के अत्यधिक प्रसार को देखते हुए दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के दाह-संस्कार का निर्णय

न्यूज टुडे विनम्र श्रद्धांजलि




दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का दाह–संस्कार सोमवार को बांद्रा के श्मशान घाट पर किया गया। कोरोनावायरस के खतरे को देखते हुए सीमित संख्या में लोग अंतिम यात्रा में पहुंचे।

सोमवार सुबह जुहू स्थित रुस्तम कूपर अस्पताल में सुशांत का पा. स्टमॉर्टम किया गया। रिपोर्ट में गले की पर दबाव को मौत का मुख्य कारण माना गया। शरीर में विष या अन्य बाहरी पदार्थ की मौजूदगी नहीं पाई गई।

इससे पूर्व पटना से सुशांत के पिता केके सिंह, चचेरे भाई भाजपा विधायक नीरज कुमार बब्लू व अन्य परिजन मुंबई पहुंचे। एक दिन पहले योजना थी कि सुशांत के शव को पटना लाया जाएगा और गंगा घाट पर दाह–संस्कार किया जाएगा। लेकिन, मुंबई में सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कोरोनावायरस के अत्यधिक प्रसार को देखते हुए एहतियात के तौर पर निर्णय लिया गया कि सुशांत के परिजन पटना से मुंबई आ जाएंगे और वहीं पर उनका दाह–संस्कार किया जाएगा।

### सुशांत के अंतिम संस्कार का अपडेट

– सुशांत सिंह राजपूत अपनी कर्मभूमि मुंबई में ही पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। विर्ले पार्ले के पवन हंस श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस वक्त के परिवार वाले, पिता और कुछ करीबी दोस्त मौजूद रहे।
–सुशांत के परिवार वाले अब विर्ले पार्ले के पवन हंस श्मशान घाट पहुंच गए हैं। यहीं, उनका अंतिम संस्कार किया जाना है। परिवार वालों के साथ सुशांत के कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद हैं। सुशांत की आत्महत्या के बाद से चर्चा में आई दोस्त रिया चक्रवर्ती भी इस वक्त वहीं मौजूद हैं।
– सुशांत के पार्थिव शरीर को विर्ले पार्ले के पवन हंस श्मशान घाट पहुंचाया गया है। यहीं शाम 4 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा।
– सुशांत के अंतिम दर्शन के लिए बॉलीवुड सेलेब्स लगातार आ रहे हैं। श्रद्धा कपूर के अलावा अभिषेक कपूर, मुकेश छाबरा और छिछोरे में उनके को एक्टर रहे वरुण शर्मा भी उन्होंने आखिरी विदाई देने पहुंचे हैं।
–मुकेश भट्ट का एक बयान सामने आया है। उन्होंने एक टीवी चौनल्स से बात करते हुए कहा है कि मुझे पहले ही महसूस हो गया था कि सुशांत इस ओर जा रहा है। वह मेरे पास आशिकी 2 और सड़क 2 के लिए आया था, ले. किन मामला फिट नहीं बैठा।
– मुंबई में इस वक्त मौसम भी खराब हो रहा है। आसमान में बादल छाए हुए हैं और बारिश की आशंका जताई जा रही है। वहीं, इस बीच सुशांत के करीबी दोस्त मुकेश छाबरा और श्रद्धा कपूर अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे गए हैं।
– रिपोर्ट के मुताबिक, सुशांत सिंह राजपूत का अंतिस संस्कार मुंबई के विर्ले पार्ले में किया जाएगा। उनका परिवार कुछ समय पहले ही मुंबई पहुंचा है। इसके अलावा हॉस्पिटल में उनके अंतिम दर्शन के लिए बॉलीवुड सेलेब्स पहुंच रहे हैं। कृति सोनन और रिया चक्रवर्ती को हॉस्पिटल के बाहर स्पॉट किया गया है।

डेप्युटी कमिश्नर ऑफ पुलिस अभिषेक त्रिमुखे ने बताया कि डॉक्टर्स की ओर से बांद्रा पुलिस स्टेशन में तत्कालिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट सौंप दी है। तीन डॉक्टर्स की टीम ने सुशांत सिंह राजपूत का पोस्टमार्टम किया था। रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी लगाने के बाद दम घुटना बताया गया है।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

## मोतीझील में चम्पारण के पूर्वजों की याद व उनकी आत्मा का वास, हमलोग भी इतिहास दुहराएगे, इस मोतीझील में फिर से नौकाविहार का सब मिलकर आनंद उठाएंगे : शीर्षत

अच्छी पहल






डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

मोतिहारी की धरोहर मोतीझील के विकास व उसे अतिक्रमण कारियों से बचाने के लिए आज पुनः शुरुआत हो गई। इस मामले में जिले के कर्मठ व अच्छी सोंच रखने वाले जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने आज कई अधिकारियों के साथ मिलकर मोतीझील के जलकुंभी को निकालकर शुरुआत कर दी है, इस मौके पर उन्हें शहर के कई बुद्धि जीवियों व पत्रकारों का भी साथ मिला जिससे वे काफी उत्साहित नजर आए।

जिलाधिकारी श्री अशोक ने कहा कि इस मोतीझील में चम्पारण के पूर्वजों की याद व उनकी आत्मा वास कर रही है, इसे अतिक्रमण कारियों से बचाते हुए नए तरीके सजाया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि हमारे पहले भी कई अधिकारी व शहर के सामाजिक लोंगो ने इसकी सफाई व इसे बचाने के लिए सार्थक कदम उठाया था जिसे हम सभी मिलकर अब पूरा करेंगे।

जब जिलाधिकारी से पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह के द्वारा घोषणा व पहल पर डीपीआर बना, ठेकेदार भी बहाल और राशि भी आ गई परन्तु विकास नही हो सका और राशि भी वापस हो गई।

तब श्री शीर्षत ने कहा कि राशि कम पड़ रही थी, इसके पुराने डीपीआर में संशोधित कर पुनः उससे अधिक राशि मंगाई जाएगी तथा इस कार्य की शुरुआत आज कर दी गई है जिसे हर हाल में इस वर्ष ही पूरा किया जाएगा।

बातचीत में जब उन्हें बताया गया कि कई दशक पूर्व तत्कालीन जिलाधिकारी जेएन त्रिपाठी के कार्यकाल (1986–87) में इस झील में नौकाविहार का आनंद उनके साथ साथ जिले के लोग भी लिया करते थे।

श्री अशोक ने कहा कि यह कटु सत्य है कि इतिहास दुहराता है, हमलोग भी उस इतिहास को दुहराएगे, फिर इस झील में नौकाविहार का आनंद हम सभी उठाएंगे।

बहराल श्री अशोक की इस पहल और इनके पूर्व के जिलों में किये गए कार्यों से ऐसा लगता है कि वे अवश्य ही इस भगीरथी प्रयास के पुरोधा साबित होंगे।

## अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद गहरे सदमें में उनकी भाभी का निधन, सुशांत की मौत के बाद गांव में नहीं जला चूल्हा



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

न्यूज टुडे विनम्र श्रद्धांजलि




इस वक्त की बड़ी खबर बिहार के पूर्णिया से आ रही है जहां अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की भाभी का निधन हो गया है. दो दिन पहले मुंबई में आत्महत्या करने वाले इस अभिनेता की चचेरी भाभी सुधा देवी पहले से बीमार चल रही थी लेकिन सुशांत के निधन के बाद वो गहरे सदमे में चली गई थी और उनकी मौत हो गई.

**पैतृक गांव में हुई मौत**

सुशांत के निधन के बाद से सदमें में चली गई उनकी भाभी सुधा ने सोमवार की देर रात थी पूर्णिया के मलडीहा गांव जो कि सुशांत का पैतृक गांव भी है स्थित ससुराल में दम तोड़ दिया. इसकी पुष्टि उनके परिवार के लोगों ने भी की है. मालूम हो कि सुशांत की आत्महत्या के बाद से उनका पूरा परिवार गहरे सदमे में हैं.

**सोमवार को हुआ है सुशांत का अंतिम संस्कार**

सोमवार को इस अभिनेता का अंतिम संस्कार मुंबई के विले पार्ले में किया गया जिसमें उनके पिता केके सिंह, भाई नीरज कुमार बबलू समेत परिवार के गिने चुने लोग ही जा सके थे. सुशांत ने रविवार को मुंबई स्थित फ्लैट में आत्महत्या कर ली थी. इस खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था.

**सदमे में है लोग**

पूर्णिया के लाल मलडीहा निवासी सुशांत सिंह राजपूत की मौत से गांव में गहरा शोक व्याप्त है. रविवार को जैसे ही सुशांत सिंह राजपूत के आत्महत्या करने की सूचना उनके पैतृक गांव में पहुंची उसके बाद से गांव में चूल्हा तक नहीं जला है. सुशांत के चचेरे भाई संतोष सिंह ने बताया कि गांव के सभी लोग उनके मौत की सूचना से गमगीन हैं.

**नवंबर में होनी थी शादी**

अपने घर के चिराग की मौत से पूरा परिवार रो रहा है. सुशांत की चाची रोते हुए कहती हैं, अब कौन चारों धाम की यात्रा पर ले जाएगा. सुशांत के घरवालों के मुताबिक नवंबर में ही सुशांत की शादी होनी थी और उसमें शामिल होने के लिए हम सभी को मुंबई भी जाना था लेकिन होनी को पता नहीं क्या मंजूर था. सबको साथ लेकर मुंबई ले जाने वाला गुलशन अकेले ही हमें छोड़कर निकल गया.

**पैतृक गांव में लोग पूछ रहे सवाल: आखिर किसकी लगी नजर**

इस बीच अपनी माटी के लाल को खोने के गम में पूरा मलडीहा गांव मातमी सन्नाटे में डूबा हुआ है। सभी मूक जुबान से आंखों–आंखों से ही एक दूसरे से एक ही सवाल पूछते दिख रहे हैं कि आखिर हमारे गुलशन (सुशांत का निकनेम) को यह किसकी नजर लग गई। गांव के लोग सुशांत को गुलशन के नाम से ही पुकारते थे। उनकी मौत से सभी की आंखें नम हैं। मलडीहा गांव में सुशांत की मौत का सदमा तो उनकी भाभी की मौत से और गहरा हो गया है।

## चुनाव आयोग ने कहा कि इस साल के अंत तक तय समय पर बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न करा लिया जाएगा






आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

कोरोना के चलते बिहार विधानसभा चुनाव में देरी की अटकलों को खारिज करते चुनाव आयोग ने यह साफ कर दिया है कि इस साल के अंत तक तय समय पर इसे संपन्न करा लिया जाएगा। कोरोना संकट के बीच ये अटकलें लगायी जा रही थी बिहार चुनाव टल सकता है।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने एक अखबार को दिये बयान में कहा कि अप्रैल, मई और जून में होने वाली विधानसभाओं और संसद के उपचुनावों को महामारी के कारण स्थगित करना पड़ा था। लेकिन बिहार में चुनाव तय समय पर अवश्य होंगे।

उन्होंने कहा कि फिलहाल बिहार चुनाव को टालने के लिए किसी योजना पर विचार नहीं किया जा रहा है। चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग में आवश्यक तैयारी चल रही है। स्पष्ट है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 अपने तय समय पर ही होंगे। हालांकि कोरोना संकट के बीच चुनाव प्रक्रिया की अवधि के दौरान महामारी से बचने के नियमों का पालन किया जाएगा।





NEWS TODAY Update न्यूज टुडे
News Today – सदैव सत्य के साथ




NEWS TODAY Update
Yuvaraj Media & Entertainment
Regd. No.: 20469, Western India Film Producers Association, Mumbai.
Regd. Off.: Asthana Niwas, Mathiya Zirat, Motihari-845401, Bihar.
Mumbai Off.: B-3-6, 2-4, Sumangal Apartment, Sector-3, Vashi, Navi Mumbai-400703.
Delhi Off.: RZ/G 129B, Mahabir Enclave, Part I, Old Som Bazar Behind Delhi Properties, Dashrathpuri, New Delhi - 110045.

NEWS TODAY Update newstodayupdate.in | न्यूज टुडे | Yuvaraj Media & Entertainment
Web News Portal: www.newstodayupdate.in | राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका | An Ideal Film Production
बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830


## मोतिहारी के जॉर्ज ऑरवेल पुरातत्व स्थल का होगा विकास, कला-संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार ने अधिकारियों के साथ स्थल का अध्ययन किया



रिंकू गिरी,
संवाददाता

अच्छी पहल




कला–संस्कृति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार ने मोतिहारी के जॉर्ज ऑरवेल पुरातत्व स्थल के विकास हेतु पुरातत्व, कला संस्कृति एवं युवा विभाग के निदेशक अनिमेष पराशर, अपर समाहर्ता शशि शेखर चौधरी, राजस्व एवं भवन निर्माण के अभियंता सहित अन्य अधिकारियों के साथ स्थल का अध्ययन किया।

तत्पश्चात सात दिनों में उक्त स्थल के विकास संबंधी प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार कचहरी चौक पर दो हजार क्षमता के निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण कर 15 अगस्त तक निर्माण को पूरा करने का निर्देश दिया।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री डॉ. लालबाबू प्रसाद,नगर पार्षद गुलरेज शहजाद,रमेश गुप्ता उर्फ भोला जी,अमित सेन,सुधीर गुप्ता, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## मोतिहारी शहर में आया कोरोना, नगर थाना के 11 पुलिसकर्मियों में मिला कोरोना का वायरस, मचा हड़कंप, इलाके को घोषित किया गया कंटेनमेंट जोन



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बिग ब्रेकिंग




मोतिहारी नगर थाना के 10 पुलिसकर्मियों की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद जिला पुलिस में हड़कंप मच गया. सोमवार को जिलाभर से 11 लोगों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. जिसमें से 10 संक्रमित नगर थाना के कर्मी हैं. जबकि एक संक्रमित नगर थाना के सामने पान का दुकान चलाने वाला दुकानदार है. इसके अलावे संग्रामपुर में भी एक व्यक्ति का का जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाया गया है. हालांकि, वह व्यक्ति ट्रेसलेस बताया जा रहा है. जिसको ट्रेस करने में विभाग जुटा हुआ है.

**नगर थाना क्षेत्र कंटेनमेंट जोन घोषित**

पुलिस कर्मियों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सिविल सर्जन डॉ. रिजवान अहमद ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है. इलाके में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगा दिया गया है. मामले के बारे में जिला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि नगर थाना के कर्मियों का कोरोना सैंपल पिछले 3 जून को लिया गया था. जिसका जांच रिपोर्ट सोमवार को आया है.

**कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 153**

बता दें कि पूर्व में जिले के 142 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया था. सोमवार को 11 नए कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने के बाद जिले में संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 153 हो गई है. हालांकि, 120 लोग ठीक होकर घर वापस भी जा चुकें है. पूरे जिले में वर्तमान में कुल 32 एक्टिव कोरोना केस हैं.

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के पिछले दो कुलपतियों के कार्यकाल से चम्पारण के लोगों को निराशा : मनीष शेखर



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




अखिल भारतीय अभिभावक– शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुमार शेखर ने अपने श्री कृष्ण नगर मोतिहारी आवास पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी की स्थापना के लिए चम्पारण का एक–एक व्यक्ति संघर्ष किया था ताकि विश्वविद्यालय के माध्यम से उच्च शिक्षा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की कर्मभूमि चम्पारण से देश को नई दिशा दिया जा सके । पिछले दो कुलपतियों का कार्यकाल से चम्पारण के लोगों को निराशा हुई है।

महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा ने राष्ट्रपति जो विश्वविद्यालय के विजिटर भी होते हैं को पत्र लिख कर वर्तमान कुलपति प्रो संजीव शर्मा को लम्बी छुट्टी पर भेज कर विश्वविद्यालय में हुई अनियमितताओं की जांच कराने के लिए निवेदन किया है।

महात्मा गांधी जी की 150वीं जन्म जयंती वर्ष में भारत देश भर में कौन कहे बल्कि चम्पारण के लोगों में भी गांधी जी के संदेश को पहुंचाने में विश्वविद्यालय के कुलपति असफल रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद या विद्वत्त परिषद, वित्त एवं अकादमिक समितियों की नियुक्तियों एवं कार्यकलापों में अनियमितता हुई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक जैसे महत्वपूर्ण पदों को रिक्त रख कर तदर्थ ढ़ग से विश्वविद्यालय का संचालन किया जा रहा है तथा जिसमें घोर अनियमितताएं की जा रही है । विश्वविद्यालय के द्वारा एक जर्नल का प्रकाशन किया गया है जिसमें महात्मा गांधी जी की तस्वीर तक नहीं है तथा चम्पारण से जुड़े गांधी जी पर कोई आलेख नहीं है जिसके लिए कुलाधिपति ने कुलपति संजीव शर्मा को पत्र लिख कर विरोध प्रकट किया था।

विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पूर्वी चम्पारण के सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में चम्पारण के लोगों ने दिल्ली में धरना दिया था । दिल्ली के राजघाट पर प्रदर्शन के दौरान हमने गिरफ्तारी दी थी ताकि विश्वविद्यालय के माध्यम से चम्पारण फिर से देश को नया संदेश दे सके। भ्रष्टाचार मुक्त विश्वविद्यालय बनाना एक–एक चम्पारण वासियों का नैतिक दायित्व है।
महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा ने भ्रष्टाचार मुक्त विश्वविद्यालय के लिए कदम बढ़ाया है जिसके लिए जन अभियान चलाया जाएगा। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री से हमारी मांग है कि कुलाधिपति पद्मश्री डॉ महेश शर्मा के पत्र के आलोक में शीध्र कार्रवाई की जाए ताकि चम्पारण के लोगों ने विश्वविद्यालय को लेकर जो सपना देखा है वह पुरा हो सके।

# कोरोना के कारण गरीब व मजबूर परिवार के भरण पोषण के लिए जीविका दीदियों का अनोखा अभियान



सम्राट,
संवाददाता, न्यूज टुडे




हरसिद्धि प्रखंड में कोरोना के कारण गरीब व मजबूर परिवार के भरण पोषण के लिए जीविका दीदियों द्वारा अनोखा अभियान चलाया गया। उनके अभियान का नाम है एक मुट्ठी अनाज अभियान। बताते चले कि हरसिद्धि प्रखण्ड के मानिकपुर पंचायत में सूरज जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा एक मुट्ठी अनाज अभियान को सोमवार से शुरू किया। पंचायत के लछुमणवा गांव के जीविका दीदियों ने एक एक मुट्ठी अनाज, जिसमे गेंहू, चावल, दाल, मक्का, सब्जी और आलू इकठ्ठा किया गया। इस कार्य में मुखिया राजेन्द्र पाण्डेय, सरपंच राजीव रंजन कुमार कुशवाहा (पप्पू लाल) पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार एवं स्थानीय गांववासियों का सहयोग रहा।

दीदियों द्वारा इकठ्ठा किए गए अनाज को 50 ऐसे परिवार में वितरित किया गया, जो लॉकडाउन से काफी प्रभावित हैं। वहीं जीविका मित्र(सीएम) रजिया खातुन ने बताया कि इस अभियान से जो हमारी दीदीयां गरीब होकर भी अपने से गरीब लोगों को मदद पहुंचा रही हैं, इससे समाज में जागृति पैदा हो रही है। एक मुठ्ठी अनाज अभियान के बाद आगे भी ऐसे समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हम सभी दीदी हिस्सा लेंगी।

प्रखंड परियोजना प्रबंधक आंनद कुमार ने कहा कि इस विकट परिस्थिति इससे ज्यादा पुण्य का कोई दूसरा काम नही हो सकता। कहा कि दीदियों ने एक मिसाल कायम की है। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक नलीन रंजन, समुदायिक समन्वयक पिंटू कुमार, अमरेन्द्र कुमार, सोनू कुमार, जीविका मित्र सरोज देवी, संजू देवी, माधुरी देवी, गीता देवी, निलम देवी और जीविका समूह से जुड़ी सभी दीदियाँ मौजूद थीं।

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

# 12 किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर राजद विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता ने गायघाट चौक से सटे बाबा रोड में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया



संतोष राऊत न्यूज टुडे,




हरसिद्धि के राजद विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार राम ने गायघाट चौक से सटे बाबा रोड में रविवार को अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया। वे 12 किला. मीटर लंबी जर्जर सड़क के निर्माण की मांग को लेकर अनशन पर बैठे है। उक्त सड़क हरसिद्धि से गायघाट तक आनेवाली सड़क है। जो कि मोतिहारी मुख्य पथ को जोड़ती है।

इससे पहले भी वे 6 मई को एकदिवसीय चेतावनी अनशन कर सरकार को 15 दिनों का अल्टीमेटम दिये थे। अनशन पर विधायक के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए चुनाव प्रभारी संजय यादव, राजद नेता शम्भू प्रसाद, राजेन्द्र यादव, राजद युवा के एहेतशाम अहमद, पूर्व प्रमुख विजय ठाकुर, अफजल खान, बीरबहादुर यादव, अफजल हुसैन, मनीष यादव, सुधांशु कश्यप आदि अनशन पर बैठे है। विधायक श्री राम ने कहा कि दर्जनों पंचायतों को जोड़ने वाली यह सड़क पूरी तरह तरह जर्जर है। हमारे द्वारा कई बार विधानसभा में इस सड़क को लेकर आवाज बुलंद किया गय। दो वर्षों की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क को आरडब्ल्यूडी से पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) में जुड़वाया।

जिले से आरसीडी विभाग को 15 करोड़ योजना का प्रस्ताव (डीपीआरओ) 11 महीने पहले भेज दिया गया है, उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव से लगातार संपर्क में हूं, योजना को तकनीकी मंजूरी मिल गई है, प्रशासनिक स्वीकृति बाकी है।

इसके बाद ही टेंडर निकालने की प्रक्रिया की जाएगी। विधायक श्री राम ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर आरसीडी की ओर से विभागीय तकनीकी स्वीकृति मिल गई है, लेकिन योजना पर सरकारी मुहर नहीं लगी है, लंबित योजना की स्वीकृति मिले और टेंडर निकाला जाए, तभी मेरा अनशन खत्म होगा। मौके पर सीओ सतीश कुमार, थानाध्यक्ष शेलेन्द्र कुमार, एएसआई पंकज कुमार, व पुलिस बल मौजूद रहे।




# बेतिया में बाढ़ से पूर्व की जा रही तैयारियों की समीक्षा, डीएम ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी तटबंधों पर नियमित दिन और रात को करेंगे पेट्रोलिंग



सम्राट,
संवाददाता, न्यूज टुडे




बेतिया, पश्चिम चम्पारण समाहरणालय सभाकक्ष में बाढ़ से पूर्व की जा रही तैयारियों की समीक्षा जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपर्युक्त समीक्षा के क्रम में डीएम ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी तटबंधों पर नियमित पेट्रोलिंग करेंगे, विशेष तौर पर रात को पेट्रोलिंग कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि तटबंधों की निगरानी को शीघ्र 110 गृहरक्षावाहिनी के जवानों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

प्रतिनियुक्ति के बाद उनके कार्यों का लगातार अनुश्रवण सभी संबंधित एसडीएम एवं कार्यापालक अभियंता सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाढ़ आपदा के समय सभी संबंधित अभियंता, पदाधिकारी, कर्मी अपने मोबाईल को (स्वीच ऑफ) बंद नहीं करेंगे। उन्होंने सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों का अद्यतन डाटाबेस जिसमें नाम, मोबाईल नंबर, अल्टरनेट मोबाईल नंबर हों, आपदा शाखा को उपलब्ध करा दें। इसके साथ ही प्रतिदिन अचूक रूप से खैरियत प्रतिवेदन आपदा शाखा को उपलब्ध कराने का निदेश डीएम ने दिया है।

सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को केन्द्रीय बाढ़ नियंत्रण, बाढ़ नियंत्रण कक्ष, क्षेत्रीय नियंत्रण कक्ष से समन्वय स्थापित कर नियंत्रण कक्ष को सुचारू ढंग से संचालित करने की दिशा में अग्रतर कारवाई करने का निदेश जिला पदाधिकारी ने दिया है। जिला में किसी स्थान पर किसी कारणवश एंटीरोजन कार्य नहीं हो पाया हो, तो तुरंत उस स्थान को चिन्हित करते हुए। वहां एंटीरोजन कार्य कराना सुनिश्चित करने का निदेश कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि संभावित बाढ़ के परिप्रेक्ष्य में एक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जा रहा है। इस ग्रुप में दिये जाने वाले निदेशों का त्वरित गति से निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया कि स्लुईस गेट को ओपेन करने से पूर्व उस क्षेत्र में पूर्व से व्यापक प्रचार–प्रसार कराएं, जिससे किसी भी प्रकार के जानमाल की क्षति नहीं हो पाये। जिला आपदा प्रभारी को टास्क फोर्स का गठन, ड्राई राशन, फुट पैकेट, हैलोजन, ओआरएस, क्रेन, जेसीबी अन्य आवश्यक सामग्रियों को उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।

कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को पर्याप्त मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर, वाटर टैंकर आदि की व्यवस्था अपडेट रखने को कहा है। जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशुओं के लिए चारा, पशु आश्रय स्थल, पशु निष्क्रमण, वैक्सीनेशन सहित पशु क्षति मुआवजा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं हर हाल में ससमय पूर्ण कर लेने को निदेशित किया गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाढ़ आने के उपरांत प्रभावित व्यक्तियों को चिन्हित आश्रय स्थलों पर रखना है। इसलिए सभी आश्रय स्थल को प्रॉपर तरीके से सैनेटाइज किया जाय।
आश्रय स्थल में रहने वाले व्यक्तियों की हेल्थ स्क्रीनिंग भी करायी जायेगी। अगर कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमण से संदिग्ध पाया जाता है तो उन्हें अविलंब हेल्थ क्वारंटाइन सेंटर में पहुंचाया जाना है। इसलिए आश्रय स्थलों के समीप हेल्थ क्वारंटाइन सेंटर के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाय। इस बैठक में सहायक समाहर्ता कुमार अनुराग, अपर समाहर्ता नंदकिशोर साह, उप विकास आयुक्त रवीन्द्र नाथ प्रसाद सिंह, सभी अन. मंडल पदाधिकारी, सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ओएसडी बैद्यनाथ प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव, जिला आपदा प्रभारी अनिल राय व अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

## मोतिहारी में भारतीय जनता पार्टी के क्रीड़ा प्रकोष्ठ की जिला कमिटी की घोषणा


रिंकू गिरी, संवाददाता




मोतिहारी में भारतीय जनता पार्टी के क्रीड़ा प्रकोष्ठ की जिला कमिटी की घोषणा कर दी गई है। इस क्रम में आज भाजपा कार्यालय में जिला संयोजक रमेश कुमार उर्फ भोला ने नई कमिटी की घोषणा कर नवगठित कमिटी में राजेश कुमार एवं संगीता कुमारी को सह–संयोजक मनोनीत किया।

वहीं विकास कुमार, पवन कुमार, मनीष कुमार, रवि रंजन पांडे, मनीष रंजन,भानु प्रकाश, विशाल कुमार, अप्पू कुमार, विक्की यादव, कुमार, विक्की कुमार, रोहित कुमार सिंह, सचिन साहनी, सोमी कुमारी राज, सचिन कुमार, ज्योति कुमारी, मनजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार को कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

## गोविंदगंज विधायक राजू तिवारी ने सड़क हादसे में मृत युवकों के परिजनों को परिवारिक लाभ के अलावा निजी कोष से आर्थिक सहायता की


संतोष राऊत न्यूज टुडे.




मोतिहारी स्थित गोविंदगंज विधायक राजू तिवारी ने सड़क हादसे में मृत युवकों के परिजनों को परिवारिक लाभ के तहत आज बीस हजार की सहायता राशि चेक के माध्यम से दी। इस दौरान वे मृत विशाल के पिता राजेन्द्र पासवान व मृत लालबाबू पासवान के पिता गणेश पासवान को ढाढस बंधाते हुए अपने निजी कोष से आर्थिक सहायता की। वहीं इसके पूर्व विधायक के संग्रामपुर बाजार टोला गांव में पहुचते ही परिजनों में उम्मीद जगी की अब हमलोगों को सहायता जरूर मिलेगी।

सीओ सुरेश पासवान व बीडीओ बलवन्त कुमार पाण्डेय को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के माध्यम से शीघ्र चार –चार लाख की राशि भुगतान करने को कहा। मृतक लालबाबू के तीनों अबोध बच्चों को परवरिस योजना के तहत अठारह वर्ष के उम्र तक एक दृ एक हजार रुपया देने हेतु सीडीपीओ माधुवी रानी को प्रक्रिया शुरू कर खाते में राशि भेजने को कहा। वही कबीर अन्तयेष्टि योजना के तहत मृतक के दोनों परिवारों को तीन तीन हजार रुपया दिया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सोमेश्वर उर्फ बीनू तिवारी, पूर्व पंस विनोद सिंह, मुखिया सुदिष्ट प्रसाद, शशि सिंह आदि उपस्थित रहे ।







युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी । निर्माता:9471005272

## विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल मजदूरी के लाभ-हानि पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन

### अच्छी पहल


सुनील चौधरी, संवाददाता, न्यूज टुडे




बेतिया के लौरिया प्रखंड क्षेत्र के गोनौली–डुमरा पंचायत अंतर्गत सिरकैया वार्ड नंबर–15 में स्वयं सेवक समूह के सदस्यों द्वारा विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल मजदूरी के लाभ–हानि पर चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन कोरोना महामारी से बचाव हेतू शोसल डिस्टेंस बनाकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान समूह के सदस्य लालपरी कुमारी ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनी अपराध के साथ–साथ सामाजिक बुराई भी है, इसे रोकना हर व्यक्ति का पहला कर्तव्य है, जहां बाल मजदूरी के शिकार बच्चे अपने मौलिक अधिकारों को खो देते हैं।

वहीं वे कई तरह के बुराईयों के शिकार भी बनाये जाते है। जबतक सभी माता–पिता, समाजसेवी, सरकारी, गैर सरकारी तंत्र को इसके संपूर्ण उन्मूलन हेतु एकजुट होकर संयुक्त पहल करने की नितांत आवश्यकता है। वहीं सदस्य सिंकु कुमारी ने बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित व लाभप्रद जगह विद्यालय को बताते हुए सभी बच्चों को नियमित शिक्षाग्रहण की अपील की।

इस दौरान मास्क उपयोग, शोसल डिस्टेंस बनाते हुए सरकार के नियमों के पालन करने के साथ–साथ बच्चों की सुरक्षा तंत्र को समूह द्वारा बनाये जाने पर भी चर्चा हुई। मौके पर किरन कुमारी, पूनम कुमारी, नीशा कुमारी, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, पूनीता कुमारी, सुदर्शन कुमार आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न विकास व कल्याणकारी योजनाओं की गहनतत्परतापूर्वक समीक्षा के क्रम में सभी पदाधिकारियों को पूरी ईमानदारी एवं कार्य संपन्न कर जिला की रैंकिंग को टॉप बनाने का निदेश दिए डीएम ने




पश्चिम चम्पारण जिला के डीएम कुंदन कुमार ने विभिन्न विकास व कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के क्रम में सभी पदाधिकारियों को पूरी ईमानदारी एवं तत्परतापूर्वक कार्य संपन्न कर जिला की रैंकिंग को टॉप बनाने का निदेश दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के चिन्हित वैसे लोग जो भूमिहीन है। उनके लिए विशेष कैम्प का आयोजन कर, उन्हें जमीन मुहैया कराएं जिससे वे घर बना सकें। इतना ही नहीं प्रवासी श्रमिकों को चिन्हित कर उन्हें 15 जून 2020 तक आवास योजना का लाभ मुहैया कराएं।

उन्होंने कहा कि यह कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, कोताही एवं अनियमिता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कुंदन कुमार ने कहा कि बाहर से आए श्रमिकों को मनरेगा योजना में रोजगार उपलब्ध कराएं। जिससे वे जीविकोपार्जन कर परिवार का भरण पोषण कर सके। मनरेगा योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों में शोसल डिस्टेंस का पालन अनिवार्य रूप से किये जाएं तथा सभी श्रमिक, कर्मी, पदाधिकारी मास्क अवश्य पहनें। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा में कराये जा रहे कार्यों की सक्सेस स्टोरी को संकलित करने का निदेश डीएम ने दिया है।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का ससमय शत–प्रतिशत क्रियान्वयन अवश्य में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला के प्रत्येक पंचायतों में दो–दो सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए संबंधित पदाधिकारी भूमि की उपलब्धता के साथ ही ससमय सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि "जल–जीवन–हरियाली" अभियान के तहत जिले के विभिन्न जगहों पर कार्य कराये जा रहे है। इन सभी कार्यों को तय समय सीमा के अंदर गुणवतापूर्ण सम्पन्न कराया जाय। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता कुमार अनुराग, उप विकास आयुक्त रवीन्द्र नाथ प्रसाद सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र एवं मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष की उपलब्धियों को मोतिहारी संसदीय क्षेत्र के हर घर जाकर लोगों के बीच पहुंचा रहे हैं मंत्री प्रमोद


सम्राट, संवाददाता




कला संस्कृति व युवा विभाग बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र एवं मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष की उपलब्धियों को मोतिहारी संसदीय क्षेत्र के हर घर जाकर लोगों के बीच रखा।

बताया कि मोदी सरकार समाज के सभी तबके के विकास एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। मंत्री श्री कुमार ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोतिहारी नगर उत्तरी मंडल के वार्ड नंबर 01एवं 02 में लोगों से जनसंपर्क कर पीएम के संदेश को बताया। वहीं दूसरी ओर केसरिया विधानसभा अंतर्गत नारायणपुर मंडल के रघुनाथपुर गांव में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने जनसम्पर्क अभियान चलाया।

मौके पर मंडल अध्यक्ष पिन्टू पाण्डेय, महामंत्री बुन्देला कुँवर मुन्ना सागर, परमेश्वर सर्राफ, डॉ. शम्भू सागर, भाजपा जिला मंत्री विनोद कुशवाहा, अजीत सिंह विजय मिश्रा, महावीर पासवान, मुकेश कुमार शर्मा, शंभू मिश्रा, बैजू प्रसाद, राजेश कनोजिया, सुभाष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। जानकारी जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

## पूर्वी चंपारण जिले में अब पुलिसकर्मी भी कोरोना की चपेट में पहाड़पुर थाना के एएसआई और उसका पुत्र हुआ कोरोना से संक्रमित


आशीष राज, स्थानीय संपादक,




पूर्वी चंपारण जिले में अब पुलिसकर्मी भी कोरोना की चपेट में आने लगे हैं. जिले के पहाड़पुर थाना में पदस्थापित एएसआई और उसका पुत्र कोरोना संक्रमित पाया गया है. शुक्रवार को जिले के 8 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है. जिसमें 6 कोरोना संक्रमित मरीजों का दुसरा जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है. कोरोना संक्रमित मिले पहाड़पुर के एएसआई कोविड–19 को लेकर लगे ड्यूटी के दौरान संक्रमित हुए हैं और उनका पुत्र उनके संपर्क में आने से संक्रमित हुआ है.

### दोनों को किया गया है होम क्वारंटाइन- सीएस

सिविल सर्जन डॉ. रिजवान अहमद ने बताया कि पहाड़पुर थाना के एएसआई और उसके पुत्र के कोरोना जांच रिपोर्ट के बारे में एसकेएमसीएच से फोन पर बताया गया है. उसके बाद दोनों पिता–पुत्र को होम क्वारंटाइन कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि शनिवार को दोनों की कोरोना जांच के कागजात के मिल जाने पर उन्हें आईसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया जाएगा.

### कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 139

बता दें कि पूर्व में जिले के 137 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है. जिसमें से एक कैंसर पीड़ित कोरोना पॉजिटिव मरीज की मौत हो गई है, जबकि 68 कोरोना संक्रमित मरीज स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके है. शुक्रवार को दो नए कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने के बाद जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 139 हो गई है. जिले में अब कोरोना के कुल 70 एक्टिव मामले हैं.

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने गुजरात को बताया सांस्कृतिक तौर पर पिछड़ा, बॉलीवुड एक्टर परेश रावल ने व्यक्त की तीखी प्रतिक्रिया



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




इतिहासकार रामचंद्र गुहा के एक ट्वीट पर गुरुवार को बबाल मच गया. वहीं, बॉलीवुड एक्टर परेश रावल ने रामचंद्र गुहा के गुजरात और बंगाल को लेकर किए गए ट्वीट पर पलटवार किया है. रावल ने अपने ट्वीट में लिखा, 'इतिहास की पुस्तकों को विकृत करने के बाद, गुटलेस गुहा गुजरातीध्बंगाली का एक नया राग छेड़ते हैं! ऐसा लगता है जैसे उन्हें किसी की पूंछ पर मुफ्त सवारी मिल रही है...!'

**गुहा ने गुजरात को बताया सांस्कृतिक तौर पर पिछड़ा**

दरअसल, गुहा ने अपने एक ट्वीट में ब्रिटिश लेखक फिलिप स्प्रैट की 1939 में लिखी कुछ पंक्तियों का जिक्र किया था. रामचंद्र गुहा ने अपने ट्वीट में लिखा, '1939 में फिलिप स्प्रैट लिखते हैं कि 'गुजरात हालांकि, आर्थिक रूप से मजबूत है लेकिन सांस्कृतिक रूप से पिछड़ा हुआ है, वहीं इसके उलट बंगाल आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, लेकिन सांस्कृतिक रूप से समृद्ध है.'

अपने ट्वीट पर विवाद बढ़ता देख गुहा ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि वह अपनी रिसर्च के दौरान मिले दूसरे लोगों के कथन को पोस्ट करते रहते हैं, क्योंकि ये उन्हें 'आकर्षक' लगते हैं.

गुहा ने लिखा, 'वैधानिक चेतावनी जब मैं अपनी रिसर्च के दौरान किसी दूसरे के कथन पोस्ट करता हूं, तो ऐसा इसलिए कि मुझे यह किसी तरह आकर्षक लगते हैं. हो सकता है कि मैं पोस्ट किए उस कथन से पूरी तरह या आंशिक रूप से सहमत भी हूं (या ना भी हूं). अपना गुस्सा या तारीफ उन शख्स की आत्मा के लिए बचाकर रखें, जिसका कथन मैंने कोट किया है.'

# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत जिला अन्तर्गत सभी महादलित टोलो में कम से कम दो सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य



सम्राट, संवाददाता




लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत जिला अन्तर्गत सभी महादलित टोलो में कम से कम दो सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य है। इसके लिए जिलाधिकारी एसके अशोक ने सभी बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। कहा है कि चयनित स्थलों पर सामुदायिक शौचालय के निर्माण के लिए सीओ भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। वर्तमान में लगभग एक सौ दस सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

जिसमें संग्रामपुर में चार, चिरैया में दो, मोतिहारी सदर में एक, बंजरिया में एक, बनकटवा में एक, कल्याणपुर में एक, चकिया में दो, केसरिया में दो सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। संग्रामपुर के भटवलिया एवं मधुबनी पूर्वी पंचायत, मोतिहारी सदर के रामसिंह छतौनी पंचायत, बंजरिया के चौलाहआ पंचायत , बनकटवा के इनरवा फुलवार पंचायत में नव निर्मित सामुदायिक शौचालयों को जनता के उपयोग के लिए खोल दिया गया है।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु समेकित रूप से लगभग उन्नीस सौ महादलित टोलो का चयन किया गया है।अधिकांश प्रखंडों में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए प्रारंभिक चरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य में प्रवासी श्रमिको को संलग्न किया गया है।

सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य क्रम में जल–जीवन व हरियाली अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालय परिसर के आस–पास पौधारोपण, सोख्ता निर्माण का निर्देश है। साथ ही स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ठोस द्रव्य अपशिष्ट प्रबंधन की भी व्यवस्था की जाएगी।

NEWS TODAY UPDATE
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत का सपना अब हो रहा है साकार, जिले की पंचायतों को डिजिटल बनाने कवायद शुरू



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल भारत का सपना अब साकार हो रहा है। जिले की पंचायतों को डिजिटल बनाने की कवायद की जा रही है। जिले के सभी पंचायतों को हाइटेक बनाने को लेकर ऑप्टिकल फाइबर व वाईफाई लगाने का कार्य शुरू हो गया है। बीबीएनएल यानी भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड द्वारा ऑप्टिकल फाइवर केबल के माध्यम से इंटरनेट की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी को जिम्मेदारी दी गई है। इस योजना के तहत जिले के सभी पंचायतों में डिजिटल इंडिया के तहत वाईफाई ग्राम का सपना साकार होगा। वाईफाई ग्राम चौपाल से सुदूर इलाकों में रहने वाले ग्रामीण और किसानों को भी कृषि संबंधी जानकारियां, वैज्ञानिक खोज, छात्रों को शिक्षा संबंधी गतिविधियां समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। प्रथम चरण मे 264 ग्राम पंचायतों को इस वर्ष जुलाई के अंत तक वाईफाई ग्राम पंचायत घोषित किया जाना है। डिजिटल इंडिया के तहत आंगनबाड़ी, स्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राशन दुकानदारों, पंचायत कार्यालय भवन में निशुल्क यह सुविधा दी जाएगी। जबकि जिले अन्य पंचायतों का कार्य भी दूसरे चरण में ऑप्टिकल फाइबर व वाईफाई लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों को मिलेगी 100 एमबीपीएस की स्पीड डिजिटल इंडिया के तहत सभी चिन्हित ग्राम पंचायत जिसमें बीबीएनएल के साथ सीएससी को भागीदार बनाया गया है। इसके लिए बीबीएनएल ने अंडरग्राउंड ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का कार्य पूरा कर लिया है। ग्रामीणों को 100 एमबीपीएस तक की इंटरनेट स्पीड मिलेगी। इन सभी पंचायतों का रखर खाव कॉमन सर्विस सेंटर के चौंपियन वीएलई द्वारा किया जा रहा है। वाईफाई का यंत्र लगाने का काम शुरू हो गया है। डिजिटल इंडिया के तहत पंचायत में सभी सरकारी और गैरसरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। ऑनलाइन सर्विस के साथ डिजिटल एजुकेशन, डिजिटल हेल्थ केयर सुविधा, बैंकिंग, कृषि सहित राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया जाएगा।
जानकारी के अभाव में मुखिया बन रहे हैं योजनाओं के विकास में रोड़ा जिस ग्राम पंचायत में जिपॉवन मशीन असुरक्षित है, भवन टूटे फूटे हैं, बिजली की समस्या है तो उसे तत्काल सीएससी सेंटर पर स्थानांतरित करने का निर्देश बीबीएनएल के द्वारा दिया गया है। कई जगह स्थानीय मुखिया जानकारी के अभाव में कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसकी जानकारी कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक ब्रजभूषण कुमार ने दी।

# कोरोना संकट के बीच एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 और 17 जून को मुख्यमंत्रियों से करेंगे बातचीत



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,







कोरोना संकट के बीच एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 और 17 जून को मुख्यमंत्रियों से बातचीत करेंगे। इससे पहले जब कोरोना संकट से निपटने के लिए देशव्यापी लॉकडाउन जारी था तब पीएम देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ हालात पर चर्चा किए थे।



Video Conference of Prime Minister with Chief Ministers

| Tuesday, 16th June at 3 pm | |
|---|---|
| SN | States/UTs |
| 1 | Punjab |
| 2 | Assam |
| 3 | Kerala |
| 4 | Uttarakhand |
| 5 | Jharkhand |
| 6 | Chhattisgarh |
| 7 | Tripura |
| 8 | Himachal Pradesh |
| 9 | Chandigarh |
| 10 | Goa |
| 11 | Manipur |
| 12 | Nagaland |
| 13 | Ladakh |
| 14 | Puducherry |
| 15 | Arunachal Pradesh |
| 16 | Meghalaya |
| 17 | Mizoram |
| 18 | Andaman & Nicobar Islands |
| 19 | Dadra Nagar Haveli & Daman Diu |
| 20 | Sikkim |
| 21 | Lakshadweep |

| Wednesday, 17th June at 3 pm | |
|---|---|
| SN | States/UTs |
| 1 | Maharashtra |
| 2 | Tamil Nadu |
| 3 | Delhi |
| 4 | Gujarat |
| 5 | Rajasthan |
| 6 | Uttar Pradesh |
| 7 | Madhya Pradesh |
| 8 | West Bengal |
| 9 | Karnataka |
| 10 | Bihar |
| 11 | Andhra Pradesh |
| 12 | Haryana |
| 13 | Jammu & Kashmir |
| 14 | Telangana |
| 15 | Odisha |

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्रियों के साथ यह बैठक काफी अहम माना जा रहा है। संभव हो कि देश के अंदर कुछ क्षेत्रों में फिर से लॉकडाउन लगाया जाए!

प्रधानमंत्री मोदी इसबार 2 चरणों में मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। पहले चरण में वैसे राज्यों के मुखिया से वार्ता करेंगे, जहां कोरोना के हालात काबू में हैं। वहीं दूसरे चरण यानी 17 जून को उन राज्यों के मुखिया से वार्ता करेंगे जहां कोरोना की रफ्तार काफी ज्यादा है।

16 जून को प्रधानमंत्री मोदी इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों अथवा प्रमुखों से बात करेंगे। इनमें से पंजाब, असम, केरल, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, गोवा, मणिपुर, नागालैंड, लद्दाख, पुडुचेरी, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबर, दमन दीव, सिक्किम और लक्षद्वीप शामिल हैं।

वहीं दूसरे दिन यानी 17 जून को प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, बिहार, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, तेलंगाना व ओडिशा के मुख्यमंत्रियों से वार्ता करेंगे।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मुंबई स्थित फ्लैट में आत्महत्या की, पूरा बॉलीवुड सदमे में



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,
न्यूज टुडे







फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मुंबई में आत्महत्या कर ली है। इस बात की जानकारी नौकर ने पुलिस को दी हैंस फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही जा रही हैं। पुलिस ने इस खबर की पुष्टि भी की हैं। पुलिस मौके पर पहुंची है और नौकर और पड़ोसियों से पूछताछ कर रही हैं।

फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनके इस कदम से बॉलीवुड सदमे में हैं। कई कलाकारों ने उनके निधन पर दुख और शॉक जताया हैं। फिल्म अभिनेता रितेश देशमुख ने सुशांत सिंह राजपूत के निधन पर दुख जताते हुए हैरानी जताई हैं। सुशांत सिंह राजपूत डिप्रेशन का शिकार थे। वह अपने दोस्तों के साथ बीती रात थे और उन्होंने अपने कमरे का दरवाजा सुबह नहीं खोला। इसके बाद दोस्तों ने दरवाजा तोड़ दिया और उन्होंने देखा कि सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली हैं। सुशांत सिंह राजपूत पिछले छह महीने से डिप्रेशन में थे।

सुशांत सिंह राजपूत कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनकी पिछली फिल्म 'छिछोरे' थीं। इस फिल्म में उनके अलावा श्रद्धा कपूर की अहम भूमिका थीं। इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया था। संजोग से उनकी यह फिल्म भी डिप्रेशन और आत्महत्या पर आधारित थीं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार काम किया था और 100 करोड़ रूपये से अधिक का व्यापार किया था।

सुशांत सिंह राजपूत पटना से थे। वह कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म 'काय पो छे' से की थीं। इस फिल्म के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने फिल्म अभिनेता आमिर खान के साथ फिल्म पीके में काम किया था। उन्होंने फिल्म अभिनेता आमिर खान के साथ फिल्म पीके में काम किया था। इसके अलावा वह फिल्म सोन चिरैया में भी नजर आ चुके हैं। सुशांत सिंह राजपूत की मौत से सभी गहरे सदमे में हैं।

# पात्रों के स्वार्थ, भाव, महत्कांक्षा को माधुर्य के साथ चित्रित किया गया है 'गुलाबो–सिताबो' में, मिर्जा शेख की नोकझोंक कथानक को देती है नया आयाम



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

बेहतरीन फिल्म




आम दर्शक के मन में यह बात रहती है कि बड़े फिल्म स्टारों की फिल्मों में नाच–गाना, एक्शन, धूमकुधड़ाका होगा। लेकिन, अगर शूजित सरकार जैसा फिल्मकार हो, तो बात बदल जाती है। पीकू से लेकर ऑक्टूबर तक में उन्होंने यह बात सिद्ध की है। अब वे 'गुलाबो–सिताबो' के साथ दर्शकों के बीच हाजिर है। पहली बार उनकी कोई फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज न होकर, ओटीटी मंच पर आयी है। 12 जून से अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो रही है।

हाल के वर्षों में लखनऊ की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में आई हैं। इनमें से एकाध ही लखनवी तहजीब को साध पायीं हैं। शूजित की 'गुलाबो–सिताबो' इन्हीं में से एक है। लखनऊ में बेगम (फारुख जफर) की स्वामित्व वाली ऐतिहासिक हवेली फातिमा महल में बांके रस्तोगी किराएदार के रूप में रहता है। मिर्जा शेख (अमिताभ बच्चन) से उसकी नोकझोंक कथानक को आगे बढ़ाती है। मिर्जा हवेली को अपने नाम करवाना चाहता है, उधर बांके हवेली खाली नहीं करना चाहता। इसी धरातल में लेखिका जूही चतुर्वेदी ने पटकथा रची है। उनका दिल. चस्प लेखन विक्की डोनर से लेकर पीकू तक में प्रशंसा पा चुका है। 'गुलाबो–सिताबो' बहुपरतीय है। हर पात्र की अपनी एक दुनिया है। उस दुनिया में वह अपना एजेंडा चलाना चाहता है। पात्रों के स्वार्थ, भाव, महत्कांक्षा को शूजित ने माधुर्य के साथ चित्रित किया है।

शूजित निष्णात फिल्मकार हैं। वे साधारण कथा को भी विशेष बना देते हैं। 'गुलाबो–सिताबो' देखते हुए आपको ऋषिकेश मुखर्जी और बासु चटर्जी याद आ सकते हैं। उनकी फिल्में भी याद आएंगी। लेकिन, ऋषिकेश दा व बासु दा के क्राफ्टमैनशिप को शूजित दा आगे बढ़ा रहे हैं, यह आपको सबसे अधिक महसूस होगा। जैसे पीकू में दिल्ली व कोलकाता को भी उन्होंने एक किरदार की भांति पेश किया था, 'गुलाबो–सिताबो' में उन्होंने लखनऊ शहर को भी एक किरदार के रूप में रखा है।

शूजित की सिफत है कि वे बिना ड्रामे के भी कथानक को कंट्रास्ट के साथ फिल्माते हैं। राजाकुरानी की कहानी उनके लिए जरुरी नहीं। वे तो 'स्लाइस ऑफ दी लाइफ' को ही इतना मजेदार बना देते हैं कि दर्शक उसे एक से अधिक बार देखना चाहे। इस काम में उनकी सबसे बड़ी मदद जूही करती हैं। अपनी लेखन कला से सपाट कहानी में भी ऐसे रंग भरती हैं कि पटकथा का सौंदर्य इंद्रधनुषी छटा के रूप में पर्दे पर सजने लगता है। उदाहरण के लिए उनका लिखा कोई भी फिल्म उठाकर देख लीजिए। यहां तक कि स्काइ इज पिंक भी, जिसमें उन्होंने सिर्फ संवाद लिखे थे। जूही नीरस को सरस बनाने की अनोखी कला जानती हैं।

मिर्जा के किरदार को बच्चन ने जीवित कर दिया है। मिर्जा का बाह्य बनावट में आप पीकू के भस्कोर दा का अक्स दिख सकता है। लेकिन, मिर्जा की रूह एकदम ताजा है। पहले किसी ने देखा नहीं। अमिताभ पीकू के किरदार को दोहराने से बचे हैं। यह उनके सागर की गहराई वाले अनुभव की परिणति है। शूजित ने इसका ध्यान बखूबी रखा है। फिर आयुष्मान खुराना है। शूजित ने उन्हें विक्की डोनर से फिल्मों में लाया था। विक्की की तासीर बांके में भी समाहित है। लेकिन, लखनवी अंदाज को ओढ़कर उसे ढंक दिया गया है। अमिताभ वाली विविधता लाने के लिए आयुष्मान को परिश्रम करना होगा। संयोग है कि बच्चन व खुराना दोनों सरकार के साथ दूसरी बार काम कर रहे हैं।

लॉकडाउन के कारण 'गुलाबो–सिताबो' बड़े पर्दे पर नहीं लग पायी। अगर लगती, तो लखनऊ की आबोहवा को अधिक सांद्र रूप में महसूस किया जाता। लेकिन, फिर भी इससे उसके जायके में कमी नहीं आयी है। प्रचंड गर्मी के दिन के घर में बैठकर परिवार संग इसका आनंद लिया जा सकता है। विक्की डोनर, पीकू व अक्टूबर के बाद शूजित की एक और दिल में बसने वाली प्रस्तुति है 'गुलाबो–सिताबो'।























Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830